पाँचवा अंतराष्ट्रीय योग दिवस : रिपोर्ट

दिनांक 21 जून 2019 को हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धौलाधार परिसर -1 में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम तथा युवा सम्मेलन का आयोजन योग धारा क्लब, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्त्वाधान में किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो० हंस राज शर्मा रहे, जबकि सारस्वत अतिथि के रूप में नेहरु युवा केन्द्र, हिमाचल के उप निदेशक सैमसन मसीह उपस्थित रहे । योग सत्र का संचालन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला योग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो० गणेश दत्त शर्मा ने किया ।

योग कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकोल के अनुसार सभी को योगिक क्रियायें करवाई एवं उनका महत्त्व बतलाया गया। इसके अतिरिक्त, कुल सचिव डॉ संजीव शर्मा, प्रो० रोशन लाल शर्मा, प्रो० मनोज सक्सेना सहित अन्य

विशिष्टातिथियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस कार्यक्रम में योग धारा क्लब के अध्यक्ष एवं अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी प्रो भाग चन्द चौहान तथा नेहरु युवा केन्द्र के जिला संयोजक नरेश शर्मा भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संयोजन एवं मञ्च संचालन डॉ विवेक शर्मा सहायक प्रोफेसर संस्कृत विभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विविध विभागों के प्राध्यापक, छात्र, सामाजिक लोग, कर्मचारी सहित लगभग 200 गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

Video Link : https://youtu.be/lp_9Jdn3ZmI